आज सोमवार है शिवाले जाएंगे

आज सोमवार है शिवाले जाएंगे,
ॐ नमः शिवाये हम गाते जाएंगे,

धुप दीप भंग आक धतूरा चांदी थाल सजाके,
गंगा जल से भर के लौटा गौका दूध मिलाके,
नंगे पॉव चल भोले के मंदिर जाएंगे,
आज सोमवार है शिवाले जाएंगे,

चढ़ाके जल शिव पिंडी को हम तिलक करें चंदन का,
श्रृंगार करें त्रिलोकी के मालिक प्यारे भगवन का,
शिव पिंडी के दर्शन कर हम धन्य हो जाएंगे,
आज सोमवार है शिवाले जाएंगे,

शिव भोले के जो भी सोलह सोमवार व्रत धारे,
सुख सम्पदा लुटाते उसपर हैं शिव भोले प्यारे,
शिव भोले से मन चाहा फल हम भी पाएंगे,
आज सोमवार है शिवाले जाएंगे,

दर तेरे पे आन खड़े हैं मिलके शिव हरिपाल,
तेरे गुण गायें कैसे ना जाने सुर और ताल,
बनी रहे कृपा हम तेरी महिमा गाएंगे,
आज सोमवार है शिवाले जाएंगे,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/5334/title/aaj-somvar-hai-shivale-jayege-om-namy-shivaye-hum-gaate-jayege

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |